<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# <u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित</u>

पन्तनगर। 10 जून 2025। केंद्रीय कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिला रुद्रप्रयाग, क्यूरी गांव (अगस्त्यमुनि ब्लॉक, न्याय पंचायत चोपता) में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, जाखधार के सहयोग से आयोजित संकल्प अभियान में केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डा. अंकित डोंगरियाल ने पर्वतीय क्षेत्रों हेतु आधुनिक औद्यानिकी तकनीकियों की जानकारी दी। इस मौके पर पंतनगर विश्वविद्यालय से आए डा. अमित केसरवानी ने प्राकृतिक खेती की जानकारी दी, जिसमें पौध संरक्षण के प्रमुख अवयवों जैसे हर्बल कुनाप जल, अग्निअस्त्र इत्यादि को प्रयोग में लाने पर विशेष जोर दिया। डा. आई. डी. पांडेय ने पारिस्थितिकी संतुलन की दृष्टि से पर्वतीय क्षेत्रों हेतु समेकित खेती की आधुनिक प्रणालियों को विस्तार से बताया। राज्य सरकार के रेखीय विभागों द्वारा भी अपने विभाग द्वारा कृषकों हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन कृषि विभाग के सहायक कृषि अधिकारी आशीष तड़ियाल द्वारा किया गया। इस मौके पर क्यूरी गांव की ग्राम प्रधान श्रीमती बबली देवी सहित शशि देवी, विश्वेश्वरी देवी, संतोष कुमार इत्यादि ग्रामीण मौजूद रहे।